Roll No.----------------------

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

प्रश्नपुस्तिका सिरीज
Question Booklet Series
**D**

# LL.B (Second Semester) Examination, January-2022

## LL.B203

## Family Law-II

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**365**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Which of the following is not a defence in wife's claim for dower-
   (A) Amount stipulated is excessive
   (B) Amount is beyond the mean of the husband
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above are true

1. पत्नी के मेहर दावा में निम्नलिखित में से कौन बचाव नही है–
   (A) निर्धारित रकम अत्यधिक है
   (B) रकम पति के हैसियत के बाहर है
   (C) उपरोक्त (A)और (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई सही नहीं है

2. Dower ranks as-
   (A) A preferential debt
   (B) An ordinary unsecured debt along with other creditor
   (C) Above (A) and (B)
   (D) None of the above

2. महर का स्थान है–
   (A) एक तरजीही ऋण जैसा
   (B) दूसरे लेनदार के साथ एक सामान्य असुरक्षित ऋण जैसा
   (C) उपरोक्त (A)तथा (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. Husband may settle by way of dower an amount
   (A) Restricted to his means
   (B) After making provisions for his legal hairs
   (C) Beyond his means
   (D) None of above

3. पति अपने महर राशि को तय कर सकता है–
   (A) अपने क्षमता तक
   (B) अपने विविध उत्तराधिकारियों के लिए प्राविधान करने के बाद
   (C) अपने क्षमता के बाहर
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. Mahar for the purposes of 'Show' known as
   (A) Real Mahar
   (B) Suma
   (C) Proper Mahar
   (D) Customary Mahar

4. केवल दिखावे के लिए महर को कहा जाता है–
   (A) वास्तविक महर
   (B) सूमा
   (C) सही महर
   (D) प्रथागत महर

5. Specified dower can be fixed-
   (A) Before the marriage
   (B) At the time of marriage
   (C) At any time subsequent to be marriage
   (D) All of the above

5. निश्चित मेहर नियत किया जा सकता है–
   (A) निकाह पूर्व
   (B) निकाह के समय
   (C) निकाह के पश्चात किसी भी समय
   (D) उपरोक्त सभी

6. In Islam the dower can be-
   (A) Specified
   (B) Unspecified
   (C) Bothe (A) and (B)
   (D) None of the above

7. Dower on the basis of amount payable is classified in to-
   (A) Two categories
   (B) Three categories
   (C) Four categories
   (D) Six categories

8. 'Deferred' dower is payable on the dissolution of marriage-
   (A) By death
   (B) By Divorce
   (C) Either by death or by divorce
   (D) None of the above

9. As regards the payment the dower can be-
   (A) Prompt
   (B) Deferred
   (C) Both (A) and (B)
   (D) None of the above

10. In respect of payment the dower can -
   (A) Be divided in two part
   (B) Be divided in three part
   (C) Be divided in four part
   (D) Not be divided in to any part

6. इस्लाम में मेहर हो सकता है–
   (A) निश्चित
   (B) अनिश्चित
   (C) दोनों (A)और(B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. भुगतान राशि के संदर्भ में मेहर का वर्गीकरण होता है–
   (A) दो वर्गों में
   (B) तीन वर्गों में
   (C) चार वर्गों में
   (D) छः वर्गों में

8. मुवज्जल मेहर देय विवाह विच्छेद पर देय होता है–
   (A) मृत्यु द्वारा
   (B) तलाक द्वारा
   (C) या तो मृत्यु अथवा विवाह विच्छेद पर
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. भुगतान के दृष्टिकोण से मेहर हो सकता है–
   (A) मुअज्जल
   (B) मुवज्जल
   (C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. भुगतान के दृष्टिकोण से मेहर को विभाजित किया जा सकता है–
   (A) दो भागो में
   (B) तीन भागो में
   (C) चार भागों में
   (D) अविभाजित

11. Dower/Mahar belongs-
- (A) Absolutely to the wife
- (B) Absolutely to the wife's father
- (C) Absolutely to the wife's mother
- (D) Partly to the wife and partly to the wife's parents

11. मेहर सम्बन्धित है–
- (A) पूर्णतया पत्नी से
- (B) पूर्णतया पत्नी के पिता से
- (C) पूर्णतया पत्नी के माता से
- (D) भागतः पत्नी और भागतः पत्नी के माता–पिता से

12. A muta marriage is dissolved-
- (A) By death
- (B) Ipso-facto by the efflux of the period
- (C) By hiba-e-muddat
- (D) All of the above

12. एक मुता विवाह समाप्त हो जाता है–
- (A) मृत्यु पर
- (B) स्वतः समय समाप्ति पर
- (C) हिबा–ई–मुद्दत से
- (D) उपरोक्त सभी

13. In Muslim law marriage with a woman prohibited by reason of blood relationship-
- (A) Irregular and the issue legitimate
- (B) Valid and the issue legitimate
- (C) Void but the issue legitimate
- (D) Void and the issue illegitimate

13. मुस्लिम विधि में एक निषिध रक्त सम्बन्धी महिला से विवाह का परिणाम होगा–
- (A) विवाह अनियमित और बच्चे औरस होगे
- (B) विवाह वैध और बच्चे औरस
- (C) विवाह शून्य और बच्चे औरस
- (D) विवाह वैध और बच्चे जारज (अवैध)

14. On the apostasy of one of the parties to the marriage a Muslim marriage-
- (A) Remain Valid
- (B) Stand dissolved automatically
- (C) Becomes irregular
- (D) Stand dissolved after the decree of the court

14. मुस्लिम विवाह में किसी एक पक्षकार के धर्मपरित्याग से मुस्लिम विवाह–
- (A) वैध बना रहता है
- (B) स्वतः समाप्त हो जाता है
- (C) अनियमित हो जाता है
- (D) न्यायालय के डिक्री से समाप्त हो जाता है

15. Marriage of a Muslim women with a not Muslim shall be-
  (A) Void
  (B) Irregular
  (C) Valid
  (D) Either (A) or (B)

15. मुस्लिम महिला द्वारा गैर मुस्लिम से विवाह होता है–
  (A) शून्य
  (B) अनियमित
  (C) वैध
  (D) या तो (A)अथवा (B)

16. A Muslim man cannot marry-
  (A) A Jew
  (B) A Muslim Women
  (C) A Christian
  (D) A Fire-worshipper

16. एक मुस्लिम व्यक्ति शादी नही कर सकता –
  (A) यहूदी से
  (B) मुस्लिम महिला से
  (C) इसाई से
  (D) एक अग्नि पूजक से

17. A Muslim can marry any number of wives not exceeding four. If a Muslim marriage a fifth wife, such a marriage shall be-
  (A) Void
  (B) Valid
  (C) Irregular
  (D) Invalid

17. एक मुस्लिम अधिकतम चार पत्नियों से विवाह कर सकता है। यदि एक मुस्लिम ने पाँच पत्नियों से विवाह कर लिया तो वह विवाह होगा–
  (A) शून्य
  (B) वैध
  (C) अनियमित
  (D) अविधिक

18. More Exercise of the option to repudiate the marriage-
  (A) Does not severe the marital
  (B) Severes the marital tie
  (C) May severe the marital tie if consented to the other party
  (D) None of the above

18. मात्र विवाह खण्डन के विकल्प का प्रयोग –
  (A) वैवाहिक बन्धन पर कोई कठोर प्रभाव नही डालती
  (B) वैवाहिक बन्धन पर कठोर प्रभाव डालती है
  (C) वैवाहित बन्धन पर कठोर प्रभाव डालती है यदि दूसरा पक्षकार सहमत है
  (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. Husband married during minority losses his right to repudicate the marriages on-
(A) Payment of dower
(B) Payment of maintenance
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

19. अवयस्कता में विवाह से पति अपने विवाह खण्डन के अधिकार को खो देता है–
(A) मेहर के भुगतान
(B) भरण पोषण का अधिकार
(C) उपरोक्त दोनों (A)व (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. Consummation of marriage before the age of puberty -
(A) Deprives the wife of her option of puberty only under certain circumstances
(B) Deprive the wife her option of puberty always
(C) Does not deprive the wife of her option of puberty
(D) All of above

20. यौवनारंभ के पूर्व विवाह की पूर्णता –
(A) कुछ विशेष परिस्थितियों में पत्नी को यौवनारंभ के विकल्प से वंचित कर देती है
(B) हमेशा पत्नी को यौवनारंभ के विकल्प से वंचित कर देती है
(C) पत्नी को यौवनारंभ के विकल्प से वंचित नही करती
(D) उपरोक्त सभी

21. Muta under Mohammedan law means-
(A) Temporary marriages
(B) Permanent marriages
(C) Legal marriages
(D) Illegal marriages

21. मुस्लिम विधि में मुता विवाह है, एक–
(A) अस्थाई विवाह
(B) स्थाई विवाह
(C) विधिपूर्ण विवाह
(D) अविधिपूर्ण विवाह

22. All the irregular marriages are void under-
(A) Hanbali
(B) Shafi
(C) Shia
(D) Hanafi

22. निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत सभी अनियमित विवाह शून्य होते हैं –
(A) हनबली में
(B) शफी में
(C) शिया में
(D) हनफी में

23. An absence of proper witness in a Sunni the marriage makes the marriage -
(A) Fasid (Irregulars)
(B) Batil (Void)
(C) Sahih (Valid)
(D) Voidable

24. What is the age of puberty for a female in Hanafi law ?
(A) 11 Years
(B) 15 Years
(C) 16 Years
(D) 18 Years

25. For a valid Muslim marriage-
(A) Offer and acceptance must beat the same place.
(B) Offer and acceptance must be at the same time.
(C) Offer and acceptance must be at the same time and place.
(D) Offer and acceptance may be at different times and different places

26. How many witnesses are necessary for a marriage under Hanafi School ?
(A) One
(B) Two
(C) Three
(D) Four

23. एक सुन्नी विवाह में गवाहों की अनुपस्थित विवाह को बना देती है–
(A) अनियमित
(B) शून्य
(C) वैध
(D) शून्यकरणीय

24. हनफी विधि में यौवनावस्था आयु कितनी है ?
(A) 11 वर्ष
(B) 15 वर्ष
(C) 16 वर्ष
(D) 18 वर्ष

25. एक वैध मुस्लिम विवाह के लिए –
(A) प्रस्ताव और स्वीकृत एक ही स्थान पर होनी चाहिए
(B) प्रस्ताव और स्वीकृत एक ही समय पर होनी चाहिए
(C) प्रस्ताव और स्वीकृति एक ही स्थान और समय पर होनी चाहिए
(D) प्रस्ताव और स्वीकृत भिन्न स्थान और भिन्न समय पर हो सकता है

26. हनफी विचारधारा मे एक निकाह के लिये कितने गवाहो की आवश्यकता है ?
(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

27. A marriage of a Muslim male with a Hindu female is-
(A) Valid
(B) Invalid
(C) Irregular
(D) Void

27. एक मुस्लिम पुरूष का हिन्दू स्त्री से विवाह है–
(A) वैध
(B) अवैध
(C) अनियमित
(D) शून्य

28. Which of the following is an essential part of Islamic belief-
(A) The belief in the oneness of God
(B) The belief in the day of Judgment
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

28. इस्लाम पर विश्वास करने वाले मानते हैं–
(A) एक ईश्वरवाद
(B) कयामत का दिन
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. The chapters of the Quran are known as-
(A) Surahs
(B) Sunnahs
(C) Shariah
(D) Sufis

29. कुरान के अध्याय को कहा जाता है–
(A) सुरा
(B) सुन्ना
(C) शरिया
(D) शुफीज

30. The word 'Jihad' means-
(A) Pilgrimages
(B) Fasting
(C) Prophecy
(D) To strive or struggle

30. 'जिहाद' शब्द का अर्थ है–
(A) धार्मिक स्थल
(B) उपवास
(C) भविष्यवाणी
(D) कठोर परिश्रम अथवा संघर्ष

31. The Hadith Reports-
(A) Tell about what Muhammad said and did
(B) Were collected by those closest to Mohammad
(C) Several authoritative collection
(D) All of the above

31. हदीथ रिर्पोट है–
(A) बताती है कि मुहम्मद साहब ने क्या कहा और किया
(B) मुहम्मद साहब के निकटवर्तियो द्वारा संग्रहीत किया गया
(C) कुछ प्रधिकृत संग्रह
(D) उपरोक्त सभी

32. The Hijra is -
(A) The emigration of the early Muslim community from Mecca to Medina.
(B) The annual pilgrimage to Mecca.
(C) The written report of life style of Muslims.
(D) All of the above

32. 'हिजरा' है–
(A) पूराने समय का मुस्लिमों का मक्का से मदीना आव्रजन
(B) मक्का का वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम
(C) मुस्लिम के रहन सहन की लिखित रिर्पोट
(D) उपरोक्त सभी

33. Originator of the modern theory of Islamic Law is-
(A) Iganz
(B) Bergstrasser
(C) Sahachat
(D) Shafi

33. आधुनिक मुस्लिम विधि के जनक कहे जाते है–
(A) इगान्ज
(B) वर्जस्ट्राशर
(C) शैहाच
(D) शफी

34. Muslims are governed for his personal law from-
(A) Quran
(B) Shariat
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

34. मुस्लिम अपने व्यक्तिगत विधि के लिये किससे शासित होते है–
(A) कुरान
(B) शरियत
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. Which of the following is no longer an important source of Muslim Law-
(A) Sunnah
(B) Ijmaa
(C) Customs
(D) Legislation

35. निम्नलिखित में से कौन मुस्लिम विधि का अधिक महत्वपूर्ण श्रोत नहीं है–
(A) सुन्ना
(B) इज्मा
(C) प्रथा
(D) विधायन

36. Shariat Application Act-1962 deals with-
(A) Personal law
(B) Customary Law
(C) Legislative law
(D) International law

36. शरियत प्रयोग अधिनियम–1962 सम्बन्धित है–
(A) व्यक्तिगत विधि
(B) प्रथागत विधि
(C) विधाई विधि
(D) अन्तर्राष्ट्रीय विधि

37. A Women is disqualified for the office of a Qadi according to-
(A) Shafi's
(B) Hanafi's
(C) Maliki's
(D) None of the above

37. मुस्लिम महिला कादी (न्यायाधीश) बनने में अनर्ह होती है। यह बात किस विचार धारा की है–
(A) शफीज
(B) हनफीज
(C) मलकीज
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. The Sunni Schools of Laws are-
(A) Three
(B) Five
(C) Seven
(D) None of the above

38. सुन्नी विधि की विचारधारायेंहै–
(A) तीन
(B) पाँच
(C) सात
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

39. Revelation is the source of Islamic Law-
(A) Subsidiary
(B) Secondary
(C) Primary
(D) None of the above

39. रहस्योद्घाटन इस्लामिक विधि का श्रोत है–
(A) अधीनस्थ
(B) द्वितीयक
(C) प्राथमिक
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. Analogy is rules of -
(A) Interpretation
(B) Translation
(C) Explanation
(D) Deduction

40. समरूपता एक नियम है–
(A) निर्वचन का
(B) अनुवाद का
(C) व्याख्या का
(D) कटौती का

41. What is the status of Mufti ?
(A) Draftsman
(B) Law officer
(C) Legislature
(D) None of the above

41. मुफ्ती की क्या प्रास्थिति है ?
(A) प्रारूपक
(B) विधि अधिकारी
(C) विधान निर्माता
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. Book by Imam Bukhari contains about
(A) Islamic Cultures
(B) Islamic Traditions
(C) Islamic Conduct
(D) Islamic Transaction

42. इमाम बुखारी की किताब में इनमे से किसके विषय में बताया गया है–
(A) इस्लामिक संस्कृति
(B) इस्लाम की प्राधिकृत परम्पराएं
(C) इस्लाम के आचरण
(D) इस्लामिक संम्वयवहार

43. The Four Schools of thought in Muslim Law were founded dunning the reign of-
(A) Abbasids
(B) Mughals
(C) Fatimid's
(D) None of the above

43. मुस्लिम विधि की चार विचारधाराओं का प्रतिपादन किसके काल में किया गया–
(A) अबासिद्स
(B) मुगल काल
(C) फातिमिड्स
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

44. A Religion though by Prophet Mohammad is-
(A) Islam
(B) Muslim
(C) Hindu
(D) Jew

44. पैगम्बर मुहम्मद द्वारा प्रवर्तित धर्म है–
(A) इस्लाम
(B) मुस्लिम
(C) हिन्दू
(D) यहूदी

45. Islam in Arabic means-
(A) Submission to the will of God
(B) Deliberate adoption of a new faith
(C) Adoption of the faiths of Islam
(D) Professing faith

45. इस्लाम का अरबी अर्थ है–
(A) ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण
(B) जानबूझ कर नये विश्वास का ग्रहण
(C) इस्लामिक विश्वास का ग्रहणीकरण
(D) अपने विश्वास को व्यक्त करना

46. The application of Muhammadan Law to non-Muslims is entirely-
(A) Personal
(B) Customary
(C) Arbitrary
(D) None of the these

46. गैर मुस्लिमों पर मुस्लिम विधि का प्रयोग पूर्ण रूप से है–
(A) व्यक्तिगत
(B) प्रथागत
(C) मनमाना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

47. In India, if one of the parents is Muslim, the child to be traded as-
(A) Belonging to the religion of the father
(B) Belonging to the religion of the Mother
(C) A Muslim
(D) None of the above

47. भारत में माता–पिता में से कोई यदि मुस्लिम है तो उनका बच्चा माना जायेगा–
(A) पिता के धर्म से सम्बन्धित
(B) माता के धर्म से सम्बन्धित
(C) एक मुस्लिम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. Muslim Law applies to-
(A) All person who a Muslim by birth
(B) All person who are Muslims by conversion
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

48. मुस्लिम विधि लागू होती है–
(A) जो व्यक्ति जन्मतः मुस्लिम हैं।
(B) जो व्यक्ति धर्म परिवर्तन द्वारा मुस्लिम हैं।
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

49. Islamic Law is formally contained in-
(A) Hadith
(B) Quran
(C) Ijma and Qiyas
(D) All of above

49. मुस्लिम विधि औपचारिक रूप से प्राख्यापित है–
(A) हदीथ में
(B) कुरान में
(C) इज्मा और कियास में
(D) उपरोक्त सभी

50. Religion of Islam is essentially-
(A) Polytheistic
(B) Monotheistic
(C) Paganistic
(D) None of the above

50. इस्लाम धर्म मूलतः है–
(A) बहुदेववाद सम्बन्धी
(B) अद्वैतवाद सम्बन्धी
(C) मूर्तिपूजक
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

51. "Under Muslim law there is no right by Birth." The statement is-

(A) True

(B) False

(C) Partly correct

(D) Depends upon theories

51. "मुस्लिम विधि में जन्मतः अधिकार नही होते" यह कथन है–

(A) सत्य

(B) असत्य

(C) अंशतः सही

(D) सिद्धान्तों पर आधारित होगा

52. Law of Pre-emption concerns exclusively with-

(A) Muamelat

(B) Ibadat

(C) Tableegh-e-Rasablat

(D) None of the above

52. हक–शुफा विधि पूर्णतया सम्बन्धित है–

(A) मुआमलात से

(B) इबादात से

(C) तबलीग–ई–रसालात से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

53. A Gift may be revoked-

(A) Before delivery of possession

(B) By heirs of donor

(C) When the donee is dead

(D) None of the above

53. एक दान का प्रतिसंहरण किया जा सकता है–

(A) कब्जे के परिदान के पूर्व

(B) दाता के प्रतिनिधियों द्वारा

(C) जबकि ग्रहणकर्ता की मृत्यु हो चुकी हो

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

54. Hiba-ba-shart-ul-iwaz is a kind of-

(A) Sale

(B) Mortgage

(C) Gift

(D) None of the above

54. हिबा–बा–शर्त–उल–एवज एक प्रकार है–

(A) विक्रय का

(B) बन्धक का

(C) दान का

(D) उपरोक्त में से किसी का नहीं

55. Gift to an unborn person is-
(A) Valid
(B) Void
(C) Voidable
(D) None of these

55. अजन्में बच्चे के पक्ष में किया गया गिफ्ट है–
(A) वैध
(B) शून्य
(C) शून्य करणीय
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

56. A Gift to take effect in future is-
(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) Invalid

56. एक दान जो भविष्य में प्रभावी होना है, होता है–
(A) शून्य
(B) शून्य करणीय
(C) विधिक
(D) अविधिक

57. Will means-
(A) Acceptance of a future obligation
(B) Testamentry disposal of testor's property to take effect after his death
(C) Acceptance abill of exchange
(D) None of above

57. वसीयत का अर्थ है–
(A) भविष्य के दायित्व की अभिस्वीकृति
(B) वसी के सम्पत्ति का वसीयती निस्तारण जो उसके मृत्यु पर प्रभावी होगी
(C) अधिकार की अभिस्वीकृति
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. The leading authority on the subject of will is the-
(A) Fatawa Alamgiri
(B) Hedaya
(C) Baillie
(D) None of above

58. वसीयत विधि में प्रसिद्ध प्राधिकृत/मान्य सिद्धान्त हैं–
(A) फतवा ए आलमगिर
(B) हेदाया
(C) वेली
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

59. The thing bequeathed must be exist at the time of-

(A) Making a will

(B) Testator's death

(C) Disput between hairs

(D) None of these

59. वह वस्तु जिसकी वसीयत की जानी है वह अस्तित्व में होनी चाहिये–

(A) वसीयत बनाते समय

(B) वसी के मृत्यु के समय

(C) प्रतिनिधियों के बीच विवाद के समय

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. A will may be made-

(A) Verbally

(B) In writing

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

60. वसीयत बनायी जा सकती है–

(A) मौखिक

(B) लिखित

(C) दोनों (A)और (B)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. Acknowledgement of Legitimacy once made is-

(A) Revocable

(B) Irrevocable

(C) Compoundable

(D) None of the above

61. जारजता के संदर्भ में एक बार अभिस्वीकृति–

(A) खंडनीय है

(B) अखंडनीय है

(C) शमनीय है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

62. 'Hirzanat' means

(A) Control

(B) Protection

(C) Guardianship of person of minor

(D) None of the above

62. 'हिरजानत' का अर्थ है–

(A) नियंत्रण

(B) संरक्षण

(C) अवयस्क के संरक्षक व्यक्ति

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. Paternity of a child is established if child is born after dissolution within-

(A) Three month

(B) Three month and 10 days

(C) 280 days

(D) None of the above

63. बालक का पितृत्व स्थापित किया जा सकेगा, यदि विवाह विघटन के–

(A) तीन माह के अन्दर पैदा हुआ है

(B) तीन माह 10 दिन के अन्दर पैदा हुआ है

(C) यदि 280 दिन मे पैदा हुआ है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. Legilimacy may be presumed form-

(A) Presumptive marriage

(B) Custom

(C) School certificate

(D) None of above

64. जारजता उपधारित होती है–

(A) वैवाहिक उपधारण से

(B) प्रथा से

(C) विद्यालय के प्रमाण पत्र से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. The Process by which the shares are reduced it is called as-

(A) Doctrine of Aul

(B) Doctrine of Radd

(C) Doctrine of Naskh

(D) Doctrine of Representation

65. वह सिद्धान्त जिसके द्वारा हिस्से में कमी कर दी जाती है, कहलाता है–

(A) औल का सिद्धान्त

(B) रैड का सिद्धान्त

(C) नस्ख का सिद्धान्त

(D) प्रतिनिधित्व का सिद्धान्त

66. What is the share of single daughter when there is no son under Hanafi Law-

(A) Half

(B) One Six

(C) One third

(D) One fourth

66. हनफी विधि के अन्तर्गत अकेली लड़की जहाँ कोई लड़का नही, का हिस्सा होता है–

(A) आधा

(B) छठाँ

(C) तीसरा

(D) चौथा

67. In which case the court held that Muslim women have a right to maintenance under Section 125 Cr. P.C.?
(A) Daniel Latif case
(B) Mohmmad Aslam Khan case
(C) Sarla Mudgil case
(D) Shah Bano Begum case

67. किस मामले में न्यायालय ने निर्धारित किया कि एक मुस्लिम महिला धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता अधीन भरण पोषण की मांग कर सकती है?
(A) डेनियल लतीफ मामले में
(B) मो० असलम खान के मामले में
(C) सरला मुद्गल के मामले में
(D) शाह बानो बेगम के मामले में

68. A divorced wife can claim maintenance from the former husband-
(A) The she is observing iddat
(B) After iddat period is over
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

68. एक तलाक शुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से भरण पोषण मांग सकती है जब–
(A) उसने इद्दत का पालन कर लिया हो
(B) जब इद्दत की अवधि समाप्त हो गयी है
(C) उपरोक्त दोनों (A)तथा (B)
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

69. Which case is related to Muslim women maintenance under section 125 Cr. P.C.
(A) Fatima Begam case
(B) Shah bano case
(C) Nusrat begam case
(D) Daniel Latif case

69. मुस्लिम महिला भरण पोषण के लिए धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता से सम्बन्धित वाद है–
(A) फातिमा बेगम केस
(B) शाह बानो केस
(C) नुसरत बेगम केस
(D) डैनियल लतीफ केस

70. A Muslim wife who lives separately due to husband's second marriage is entitled to claim maintenance allowancing under-
(A) Muslim personal law
(B) Shariat Act
(C) Criminal procedure code, 1973
(D) All of the above

70. एक मुस्लिम महिला जो अपने पति के दूसरे विवाह के कारण अलग रह रही है अपने भरण पोषण की मांग कर सकती है–
(A) मुस्लिम व्यक्तिगत विधि द्वारा
(B) शरियत द्वारा
(C) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 द्वारा
(D) उपरोक्त सभी द्वारा

71. Who can claim the arrears of maintenance under Muslim Law?
(A) Any person
(B) Only wife can claim
(C) Not allowed
(D) None of the above

71. मुस्लिम विधि में गुजारा भत्ते का अवशेष का दावा कौन कर सकता है?
(A) कोई व्यक्ति
(B) केवल पत्नी
(C) अनुमत नहीं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. The husband is obligation to maintain his wife exists only so long as-
(A) He has the capacity to maintain
(B) Wife discharges her matrimonial obligation
(C) Bothe (A) and (B)
(D) None of the above

72. एक पति द्वारा पत्नी के पोषण का दायित्व है–
(A) जब तक उसमें पोषण की क्षमता है
(B) जब तक पत्नी अपने इस अधिकार से उसे उन्मोचित नही कर देते है
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. Muslim husband is not bound to maintain the wife of
(A) Valid marriage
(B) Void marriage
(C) Irregular marriage document of witness
(D) All of above

73. एक मुस्लिम पति अपनी ऐसी पत्नी का पोषण करने के लिए बाध्य नहीं है जो–
(A) विधि पूर्ण विवाह से है
(B) शून्य विवाह से है
(C) गवाह की अपेक्षा में अनियमित विवाह से
(D) उपरोक्त सभी

74. The wife's right to maintained by Muslim husband is-
(A) Absolute
(B) Contingent
(C) Partial
(D) None of the above

74. पत्नी का पोषण करने का अधिकार पति का है, एक–
(A) पूर्ण अधिकार
(B) समाश्रित अधिकार
(C) आंशिक अधिकार
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. Who are entitled to maintenance under Muslim law-

(A) Wife
(B) Young Children
(C) Necessitations relation
(D) All of above

75. मुस्लिम विधि में गुजारा भत्ता पाने के हकदार है–

(A) पत्नी
(B) छोटे बच्चे
(C) जरूरतमंद रिश्तेदार
(D) उपरोक्त सभी

76. The grounds for decree for the dissolution of marriage are provided under which section of dissolution of Muslim marriage Act, 1939-

(A) Section 2
(B) Section 3
(C) Section 4
(D) Section 5

76. मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम 1939 की किस धारा में विवाह विच्छेद के आधार बताए गये है–

(A) धारा–2
(B) धारा–3
(C) धारा–4
(D) धारा–5

77. On the Apostasy of one of the parties to the marriage a Muslim marriage -

(A) Remain valid
(B) Sports dissolved asthmatically
(C) Become irregular
(D) Dissolved after the decree of the court

77. मुस्लिम विवाह के किसी एक पक्षकार द्वारा स्वधर्म त्याग से विवाह –

(A) वैध बना रहता है
(B) स्वतः खंडित हो जाता है
(C) अनियमित हो जाता है
(D) न्यायालय के आदेश के बाद विखंडित होगा

78. Section 2 (i) of dissolution of Muslim marriage Act 1939 provides divorce under the ground of-

(A) Apuslacy
(B) Failure of the husband to provide maintenance
(C) Imprisonment of husband
(D) Missing of husband

78. मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम की धारा 2(i) तलाक का आधार प्राविधानित करती है–

(A) धर्म परिवर्तन पर
(B) पति द्वारा गुजारा भत्ता न दिये जाने पर
(C) पति के कैद हो जाने पर
(D) पति के लापता हो जाने पर

79. Dissolution of Muslim marriage Act 1939 came into operation on-

(A) 17 March, 1939

(B) 17 June, 1939

(C) 17 September, 1939

(D) 17 December, 1939

79. मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम 1939 कब प्रभाव में आया–

(A) 17 मार्च 1939

(B) 17 जून 1939

(C) 17 सितम्बर 1939

(D) 17 दिसम्बर 1939

80. A wife is bound to observe the Iddat in-

(A) Khula

(B) Mubarrat

(C) Both (A) and (B)

(D) Only (A) and not (B)

80. पत्नी इद्दत का समय बरतने के लिए बाध्य है–

(A) खुला में

(B) मुबारत में

(C) उपरोक्त दोनों (A) में (B)

(D) केवल (A) में(B) में नहीं

81. An offer in a Mubarrat divorce proceeds-

(A) From the wife

(B) From the husband

(C) Either from the husband the wife

(D) None of the above

81. 'मुबारत' तलाक का प्रस्ताव लाया जाता है–

(A) पत्नी की ओर से

(B) पति की तरफ से

(C) या यो पति की ओर से या पत्नी की ओर से

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

82. In a Mubarrat divorce-

(A) Aversion is on the side of the husband

(B) Aversion is on the side of wife

(C) Aversion of Mutual and on both the side

(D) None of the above

82. मुबारत तलाक में–

(A) पति की ओर से नापसंदगी होती है

(B) पत्नी की ओर से नापसंदगी होती है

(C) दोनों तरफ से नामसंदगी होती है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. In the divorce by Khula consideration flow from-
(A) Husband to wife
(B) Wife to husband
(C) Each other simultaneously
(D) None of the above

84. Divorce by Ila Species of -
(A) Actual divorce
(B) In choate divorce
(C) Constructive divorces
(D) Talaq a tafweez

85. Which of the following can be dissolved by talaq-
(A) Marriage performed according to the shariat i.e. nikah
(B) Marriage performed in any other form
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

86. Talaq-a-tafweez operates in law as-
(A) A talaq of the wife by the husband
(B) A talaq of the husband by the wife
(C) A talaq by mutual consent
(D) A talaq by Ila

87. Delegation of power to give divorce by a Muslim husband can be-
(A) Permanent
(B) Temporary
(C) Only permanent not temporary
(D) Eithers permanent or Empowers

83. 'खुला' तलाक में प्रतिकर दिया जाता है–
(A) पति द्वारा पत्नी को
(B) पत्नी द्वारा पति को
(C) दोनों एक दूसरे को
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

84. ईला तलाक का एक प्रकार है–
(A) वास्तविक तलाक का
(B) इब्तिदायी तलाक का
(C) रचनात्मक तलाक का
(D) तलाक–ए–तफवीय का

85. निम्नलिखित में से कौन तलाक द्वारा विखंडित होता है–
(A) विवाह शरियत के अनुसार प्रयुक्त होगा जैसा निकाह
(B) विवाह किसी भी तरह से निभाया जायेगा
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. विधि में तलाक–ए–तफवीज प्रयुक्त होता है–
(A) पत्नी को तलाक पति द्वारा
(B) पति को तलाक पत्नी द्वारा
(C) आपसी सहमति से तलाक
(D) इला द्वारा तलाक

87. एक मुस्लिम पति के तलाक के अधिकार का प्रत्यायोजन का अधिकार है–
(A) स्थाई
(B) अस्थाई
(C) केवल स्थाई, अस्थाई नहीं
(D) या तो स्थाई अथवा अस्थाई

88. Power to give divorce can be delegated by a Muslim husband to-

(A) Wife
(B) A third person
(C) Ethen wife or a third person
(D) None of the above

88. तलाक देने का अधिकार एक मुस्लिम पति प्रत्यायोजित कर सकता है–

(A) पत्नी को
(B) तीसरे व्यक्ति को
(C) पत्नी अथवा तीसरे व्यक्ति को
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. In the Ahsan form, the talak is effective from-

(A) Movement of pronouncement
(B) Third Pronouncement
(C) Both (A) and (B)
(D) None of above

89. तलाक के एहसन प्रकार में तलाक प्रभावी होता है–

(A) घोषणा के तत्काल बाद
(B) तीसरी घोषणा पूर्ण होने पर
(C) उपरोक्त (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

90. Talaq-ul-Biddat consists of-

(A) Three pronounements made during a single tuhar eithes in one sentence or in sepenate sentences
(B) A single pronouncement made during a tuhar clearly indicating an intention irrevocable to dissolve marriage
(C) Both (A) and (B)
(D) None of above

90. तलाक–उल–विद्दत में होता है–

(A) एक तुहर में तीन बार तलाक बोलकर एक ही वाक्य से अथवा भिन्न–भिन्न वाक्य से
(B) एक तुहर में केवल तलाक की एक घोषणा जो विवाह के विखंडन के आशय को दर्शाता हो
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

91. Which of the following is not a revocable form of Talaq-

(A) Talaq-ul-Biddat
(B) Talaq-ul-Sunnat
(C) Talaq-ahsan
(D) Talaq hasan

91. निम्नलिखित में से कौन एक तलाक का अखंडनीय प्रकार है–

(A) तलाक–उल–विद्दत
(B) तलाक–उल–सुन्नत
(C) तलाक–ए–हसन
(D) तलाक हसन

92. Talaq-a-hasan is revocable uder-
(A) Hanafi law
(B) Ithna Asharia law
(C) Both (A) and (B)
(D) Only (A) not in (B)

92. तलाक–ए–हसन खंडनीय है
(A) हनफी विधि में
(B) इथना असारिया विधि में
(C) उपरोक्त दोनों (A)अथवा (B)में
(D) केवल (A)में (B)में नहीं

93. A Singal pronouncement of divorce made during Tuhar-
(A) Talaq-A-Hasan
(B) Talaq-Hasan
(C) Talaq-ul-Bidaat
(D) Talaq-i-Badai

93. तुहर के दौरान तलाक शब्द का एक प्रयोग कहलाता है–
(A) तलाक–ए–हसन
(B) तलाक–हसन
(C) तलाक–उल–विद्दत
(D) तलाक–ई–बदाई

94. 'Ahsan' is kind of-
(A) Talaq-al-sunna
(B) Talaq-al-bida
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

94. ए–हसन प्रकार है–
(A) तलाक–अल–सुना का
(B) तलाक–अल–विदा का
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

95. A Talaq can be effected-
(A) Orally by spoken words
(B) In writing
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

95. 'तलाक' प्रभावी हो सकता है–
(A) मौखिक रूप से बोलकर
(B) लिखकर
(C) उपरोक्त दोनों (A)और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. Pronouncement of Talaq can be-
(A) Revocable
(B) Irrevocable
(C) Either revocable or irrevocable
(D) Only irrevocable and not revocable

96. तलाक की घोषणा हो सकती है–
(A) खंडनीय
(B) अखंडनीय
(C) या तो खंडनीय अथवा अखंडनीय
(D) केवल अखंडनीय और खंडनीय नहीं हो सकती

97. A strict adherence of certain form of divorce has been prescribed under-

(A) Hanafi law
(B) Ithana Ashari law
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

97. किस विधि में तलाक की कुछ पद्धतियों का कठोर समर्थन किया गया है–

(A) हनफी विधि
(B) इथना असारी विधि
(C) उपरोक्त (A)तथा (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. A divorce by 'Ila' means-

(A) False accusation of adultery by husband
(B) Apostasy from Islam by husband
(C) An agreement between husband and wife to dissolve marriage
(D) None of above

98. 'इला' द्वारा तलाक का अर्थ है–

(A) पति द्वारा जारता का आरोप
(B) पति द्वारा इस्लाम धर्म का त्याग
(C) पति, पत्नी के बीच विवाह समापन हेतु करार
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. Which law considers Khula as an irrevocable divorce?

(A) Shia
(B) Hanafi
(C) Maliki
(D) Shafi

99. किस विधि में खुला को अखंडनीय तलाक माना जाता है?

(A) शिया विधि में
(B) हनफी विधि में
(C) मलिकी विधि में
(D) सफी विधि में

100. Talaq-A-Hasan can be pronounced only during-

(A) Any time
(B) Tuhar
(C) In the presence of with
(D) In the presence of witness

100. तलाक–ए–हसन की घोषणा केवल निम्नलिखित अवस्था में की जा सकती है–

(A) किसी भी समय
(B) तुहर के समय
(C) पत्नी की उपस्थिति में
(D) गवाहों के उपस्थिति में

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.